डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

(A+ Grade, NAAC Accredited)

पत्रांकः-आर/04/2025 दिनांकः-03.03.2025

सेवा में,

1. **समस्त संकायाध्यक्ष/निदेशक/विभागाध्यक्ष/प्रभारी,**
समस्त आवासीय संस्थान/विभाग,
डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,
आगरा।

2. प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,
आगरा।

विषयः- दिनांक 07.03.2025 को **"पढ़ें विश्वविद्यालय/बढे विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय"** तथा **"दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा"** कार्यक्रम आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

आपको अवगत कराना है कि राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्रांक संख्या ई-1312/32-जी0एस0/2025 दिनांक 28 फरवरी, 2025 के अनुपालन में विश्वविद्यालय के आवासीय संस्थानों/विभागों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं उनके अभिभावकों द्वारा दिनांक 07.03.2025 को प्रातः 11:00 बजे से पूर्वाह्न 12:00 बजे तक **"पढ़ें विश्वविद्यालय/बढे विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय"** कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उनके द्वारा एक समूह बनाकर किसी भी पाठ्य पुस्तक (सामाजिक/इतिहासिक विषय से सम्बन्धित) पढ़ना है। इसके अतिरिक्त अपराह्न 12:15 बजे से **"दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत' की प्रतिज्ञा'** कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा जिसमें सभी छात्र/छात्राओं/शिक्षकों/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एव उनके अभिभावकों को प्रतिज्ञा लिये जाने हेतु **प्रतिज्ञा प्रारूप** इस पत्र के साथ **संलग्न** किया जा रहा है।

उक्त दोनों कार्यक्रमों की पृथक-पृथक **जियोटैग फोटोग्राफ एवं 30 सैकेण्ड** का वीडियों आपके द्वारा ई0मेल0 आई0डी0 aoietagra@gmail.com पर भेजना सुनिश्चित करें। जिससे उक्त कार्यक्रम का विवरण राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को प्रेषित किया जा सके।

दोनो कार्यक्रम के लिए छात्र/छात्राऐं, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं उनके अभिभावकों को निम्नलिखित **लिंक एवं क्यू0आर0 कोड** के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय वेबसाइट **dbrau.ac.in** पर भी जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते है।

Link:- https://exams.agrauniv.online/survey

अतः समस्त आवासीय संस्थानों/विभागों एवं सम्बन्द्ध महाविद्यालयों से अनुरोध है कि उक्त दोनों कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु छात्र/छात्राओं, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं उनके अभिभावकों से अपने स्तर से प्रयास कर अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराने का कष्ट। रजिस्ट्रेशन उपरांत सभी को प्रमाण-पत्र भी स्वतः डाउनलोड हो जायेगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः-निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रो0 मी0 अरशद, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
2. प्रो0 मनु प्रताप सिंह, संकायाध्यक्ष, शैक्षिक, डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
3. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेशित की विश्वविद्यालय वेबसाइट पर सूचना प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, कुलपति सचिवालय को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
5. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेंसी को इस आशय से प्रेपित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय आवासीय संस्थान/विभागों एवं सम्बद्ध महाविद्यालय के लॉगिन में प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।

कुलसचिव

दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा

मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि विवाह के पवित्र बन्धन को दहेज रूपी सौदे से मुक्त रखूंगा। स्वयं दहेज न लूंगा और न ही दूंगा। दहेज लेने वालों और देने वालों का विरोध करूंगा और लोगों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराऊंगा। अपने परिवार, मित्रों, और समुदाय को दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूक करूंगा, पारिवारिक सम्बन्धों की मधुरता के प्रति संवेदनशील होने का दायित्वबोध कराऊंगा।

अपने जीवन में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से भारत को एक दहेज मुक्त, समतामूलक, जिम्मेदार और स्वस्थ विचारों का पोषक समाज बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा।

जय हिंद जय भारत

****

नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा

मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि किसी भी प्रकार के नशे अथवा मादक पदार्थ का सेवन न स्वयं करूंगा, न ही अन्य को प्रोत्साहित करूंगा । नशे से शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में परिवार मित्र, समाज व जन–जन को जागरूक करूंगा। किसी भी प्रकार के नशे के व्यापार की जानकारी मिलने पर मैं प्रशासन को इसकी सूचना दूंगा और कानूनी कार्यवाही का समर्थन करूंगा।

मेरा भारत देश एक नशा मुक्त, स्वस्थ, प्रगतिशील व समृद्ध राष्ट्र कहलाए इसके लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध रहूंगा।

जय हिंद जय भारत